# IIM में टिकट चेकिंग स्टाफ को मिलेगी ट्रेनिंग

रायपुर | दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों से सीधे जुड़ने वाले टिकट चेकिंग स्टाफ को ट्रेनिंग देगा। यह ट्रेनिंग आईआईएम रायपुर में 20 से 24 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। पांच दिन चलने वाले सेशन में बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडलों के करीब 45 टिकट चेकिंग कर्मचारी हिस्सा लेंगे। रेलवे और आईआईएम रायपुर के बीच यह साझेदारी रेलवे के लिंए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने बताया कि फ्रंटलाइन कर्मचारियों को उच्च स्तरीय ट्रेनिंग मिलने से भारतीय रेल की छवि और सेवा दोनों में बड़ा सुधार आएगा। यह कदम रेलवे को और ज्यादा ग्राहक-मित्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

Dainik Bhaskar, 12 Dec 2025, P. 02